दिनांक 28.05.2017

# नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने सफलता का परचम लहराया

सी.बी.एस.ई. द्वारा आयोजित 12वीं बोर्ड की परीक्षा में नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने उत्कृष्ट परिणाम हासिल कर शाला को गौरवान्वित किया। कुल 121 छात्राओं में से 14 छात्राओं ने 90% एवं अधिक अंक हासिल कर यह भली भांति साबित कर दिया कि श्रेष्ठता में वे किसी से भी पीछे नहीं है। कुमारी लता गिडवानी ने 96.6% अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 72 छात्राओं ने 75% एवं अधिक अंक प्राप्त किए। कुमारी लता गिडवानी ने ऐकोनोमिक्स (Economics) तथा मेथेमेटिक्स (Mathematics) में 99% अंक हासिल कर सफलता की नई ऊँचाइयों को छुआ।

छात्राओं ने सत्र की शुरूआत से ही सर्वोच्च परिणाम हासिल करने का लक्ष्य बना लिया था, जिसके लिए वे निरंतर कड़ी मेहनत करती रहीं। वे न केवल विद्यालय में नियमित रूप से आती रहीं, बल्कि नोट्स बनाकर पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल करती रहीं। इसके अतिरिक्त उन्होंने समय प्रबंधन का गुर अपनाकर संपूर्ण कोर्स का कई–कई बार रिविज़न भी किया। इस प्रकार वे बोर्ड परीक्षा का सामना करने के लिए तैयार हुईं।

इस अप्रतिम सफलता का श्रेय छात्राओं की मेहनत, शिक्षिकाओं का मार्गदर्शन, शाला प्रबंधन प्रभारी श्री मनोहर वासवानी जी का सहयोग, संस्था सचिव श्री घनश्याम बूलचंदानी की नीति तथा सबसे महत्वपूर्ण परम श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन को ही जाता है। उन्होंने न केवल छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को प्रोत्साहित किया बल्कि हर जरूरत के अनुसार किताबें, रिफ्रेशर, सी.डी. उपलब्ध करवा कर उन्हें पूर्ण सहयोग दिया। वे निरंतर छात्राओं की कक्षाओं में जाते रहे, उनसे उनकी कठिनाइयों के बारे में पूछते और उन्हें दूर करने का हर संभव प्रयास करते रहे तथा उन्हें यह समझाते रहे कि वर्तमान समय में स्त्री शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता का क्या मूल्य है। वे प्रतिपल उन्हें उनके लक्ष्य के प्रति सजग करते रहे हैं, जिसका सुखद परिणाम सामने आया है। इन सभी के कुशल निर्देशन के फलस्वरूप शिक्षिकाओं ने छात्राओं के भविष्य

को ध्यान में रखकर उन्हें स्कूल  के समय के अतिरिक्त समय दिया, उनकी कठिनाइयों का निवारण कर उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान किया।

अभिभावकों का सहयोग एवं विद्यालय प्राचार्य श्री मनीष जैन, जिन्होंने शाला की शिक्षिकाओं को कदम–कदम पर प्रोत्साहित किया तथा उपप्राचार्या श्रीमती रीटा गुरबानी एवं प्रधानाध्यापिका श्रीमती अमृता मोटवानी का योगदान भी महत्वपूर्ण था।

विद्यालय में टॉप करने वाली मेधावी छात्राओं के नाम इस प्रकार हैं :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | LATA GIDWANI (Com) | 96.6 |  |
| 2 | AASHNA DADLANI (Com) | 94.4 |  |
| 3 | JAISHREE MEHARCHANDANI (Com) | 94.4 |  |
| 4 | HARDIKA LALWANI (Com) | 93.8 |  |
| 5 | HEENA RAJDEV (Com) | 92.8 |  |
| 6 | NIKITA VIDHANI (Com) | 92.4 |  |
| 7 | JYOTI GIDWANI (Com) | 92.4 |  |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | BHARTI RAMCHANDRA AHUJA (Sci) | 92.2 |  |
| 9 | KOMAL WADHWANI (Com) | 91.8 |  |
| 10 | RITU MISHRA (Com) | 91.6 |  |
| 11 | MANALI DESHPANDE (Sci) | 91.6 |  |
| 12 | RAGINI RAMCHANDANI (Com) | 91 |  |
| 13 | MANISHA PARWANI (Com) | 90.4 |  |
| 14 | PUSHPANJALI BHATIA (Com) | 90 |  |

**संस्था छात्राओं, शिक्षक–शिक्षिकाओं और विद्यालय प्रबंधन समिति की मेहनत एवं अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करती है एवं हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।**

**RESULT SUMMARY**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Highest | 96.6% | Ms. Lata Gidwani | Commerce |
| | 92.2 | Ms. Bharti R. Ahuja | Science |
| No. of students above 90% | 14 | - | - |
| No. of students above 75% | 72 | - | - |

दिनांक 28.05.2017

# मिठ्ठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल एवं नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

शहीद हेमू कालानी एज्यूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित मिठ्ठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल एवं नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। इस वर्ष भी सी.बी.एस.ई. की बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में दोनो स्कूलों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए हैं।

नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में जहाँ 121 में से 14 छात्राओं ने 90% एवं अधिक अंक प्राप्त किए हैं, वही मिठ्ठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में 104 मे से 9 छात्रों ने 90% एवं अधिक अंक अर्जित किए हैं। दोनो स्कूलों के 225 विद्यार्थी इस वर्ष की बारहवी बोर्ड की परीक्षा में सम्मलित हुए उसमें से 108 विद्यार्थियों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त किये। कुमारी लता गिडवानी ने ऐकोनोमिक्स (**Economics**) तथा मेथेमेटिक्स (**Mathematics**) में 99% अंक तथा नितेश कुमार फोनगरा ने इन्फौर्मेटिक्स प्रैक्टिसेस (**I.P**) में 99% अंक हाासिल कर सफलता की नई ऊँचाइयों को छुआ।

शिक्षक –शिक्षकाओं की कर्मठता, अभिभावकों के सहयोग तथा विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का नतीजा है यह परीक्षा परिणाम जो कि शत् प्रतिशत् रहा। इस परीक्षा परिणाम ने सभी के भीतर नवीन ऊर्जा का सचांर किया है। शाला प्रबंधन ने समस्त अभिभावकों तथा छात्र–छात्राओं, शिक्षक–शिक्षिकाओं को हार्दिक बधाई दी है। परम श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी सतत् रूप से सभी के प्रेरणा स्तंभ बने रहे। उनके मार्गदर्शन में शिक्षकों ने प्रभावी कार्य योजना बनाई जिसमें सिलेबस का समय पर समापन, रिवीजन तथा रेमेडियल कक्षाएँ इत्यादि शामिल रहीं। छात्र–छात्राओं ने भी अपनी निगाह लक्ष्य से न हटने दी तथा व्यर्थ के कियाकलापों से अपने को दूर रखा। सकारात्मक विचारों एवं कठिन परिश्रम को ही अपना परम मित्र मान कर बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

अपनी असीम प्रसन्नता जाहिर करते हुए जहाँ लता गिडवानी 96.6% प्रतिशत, संदीप गोलानी 94.8% ने सेल्फ स्टडी एवं रिवीजन को ही सफलता का मंत्र बताया वहीं मोहित चांदवानी 94.2% प्रतिशत, आशना दादलानी 94.4%, जयश्री मेहरचंदानी 94.4%,ने कक्षाओं में नियमित उपस्थिति एवं कडी मेहनत पर जोर दिया। हार्दिका लालवानी 93.8%, हिना राजदेव 92.8%, गोपाल मूलचंदानी 92%, भारती रामचंद्र आहूजा 92.2%, मनाली देशपांडे 91.6%, संदेश गुरबानी 93.4%, अनिकेत सिहं पवार 93.8% ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने शुरू से ही अपना सारा ध्यान केवल पढ़ाई पर ही केंद्रित किया। सोशल नेटवकिंग साइट्स एवं स्मार्ट फोन जैसे गैजेट्स से खुद को दूर रखा। निकिता विधानी 92.4% एवं ज्योति गिडवानी 92.4%, ने बताया कि उन्होंने अपनी दिनचर्या इस प्रकार सुनिश्चित की कि कक्षा में पढ़ाए जाने वाले टॉपिक प्रतिदिन घर आकर पढ़ते तथा उनके नोट्स बनाते। इसके अतिरिक्त पिछले वर्षो के प्रश्न पत्र हल करना भी प्रियांश मोदी जैन 93.8%, कोमल वाधवानी 91.8% तथा रितु मिश्रा 91.6% तैयारी का अभिन्न अंग रहा। निखिलेश चोटरानी 91.2%, रागिनी रामचंदानी 91%, मनीषा पारवानी 90.4%, हार्दिक रावत 90.4% तथा पुष्पान्जलि भाटिया 90% व सागर उदासी 90% ने उचित खानपान, पौष्टिक भोजन तथा नियमितता के महत्व पर भी चर्चा की।

सभी छात्र–छात्राओं ने अपनी कड़ी मेहनत, माता–पिता, शिक्षक–शिक्षिकाओं एवं श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी के मार्ग दर्शन को अपनी इस अप्रतिम सफलता का श्रेय दिया है।